# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

पत्र सं0–494/15वां वि0आ0/स्टा0शुल्क/नि0कार्य/टेण्डर/2025–26 दिनाँकः 06 अगस्त, 2025

## अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में निर्माण कार्यों हेतु नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों (जिनके हैसियत/चरित्र प्रमाण–पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर के हो) को सूचित किया जाता है, कि 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में से रु0 5.00 लाख से कम लागत के 19 कार्यों एवं 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रु0 5.00 लाख से कम लागत के 01 निर्माण कार्य सहित कुल 20 निर्माण कार्यों हेतु जी0एस0टी0 रहित ऑफलाइन सीलबन्द निविदायें निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के अधीन दिनांकः 21 अगस्त, 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिशासी अधिकारी के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनाँकः 19 अगस्त, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेंगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट **www.bahraichnpp.in** पर उपलब्ध हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (18% GST रहित) | 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | जीएसटी 18 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट)** | | | | | | |
| 1 | मो० दरगाह शरीफ में रईस होटल से फरीद के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 243906.00 | 4880.00 | 244.00 | 44.00 | 288.00 | एक माह |
| 2 | मो० डिगिहा में भानुप्रताप सिंह के मकान से उदय प्रताप सिंह के मकान तक एवं आतंरिक गली नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 452620.00 | 9060.00 | 453.00 | 82.00 | 535.00 | दो माह |
| 3 | मो० गुदड़ी में नंगू यादव के मकान से मिट्ठू यादव के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 349152.00 | 6990.00 | 350.00 | 63.00 | 413.00 | डेढ़ माह |
| 4 | मो० गुदड़ी में बक्शी जी के मकान से मदनलाल के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 362178.00 | 7250.00 | 362.00 | 65.00 | 427.00 | डेढ़ माह |
| 5 | मो० किला में साबिर के मकान से सफीक के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 99172.00 | 2000.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 15 दिवस |
| 6 | मो० किला में सब्बीर के मकान से लल्लन के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 491677.00 | 9840.00 | 492.00 | 89.00 | 581.00 | दो माह |
| 7 | मो० ढपालीपुरवा में जगदम्बा बक्स सिंह के मकान से विजय कुमार बाजपेयी के मकान तक सड़क का पुनर्निर्माण कार्य। | 496946.00 | 9940.00 | 497.00 | 89.00 | 586.00 | दो माह |
| 8 | मो0 काजीकटरा में गायत्री विद्यापीठ के बगल से हीरालाल के मकान तक इंटरलाकिंग का कार्य। | 419008.00 | 8380.00 | 419.00 | 75.00 | 494.00 | दो माह |
| 9 | मो0 नौवागाढ़ी में अतुल गुप्ता के मकान से मीना कुटीर तक नाली व इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 345894.00 | 6920.00 | 346.00 | 62.00 | 408.00 | डेढ़ माह |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | मो0 रायपुर राजा में मुख्य मार्ग पर श्री विजेन्द्र श्रीवास्तव से राजेन्द्र प्रसाद मिश्र के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 499801.00 | 10000.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | दो माह |
| 11 | मो0 कानूनगोपुरा दक्षिणी में पुलिस चौकी से अजय ट्रेडर्स तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 499495.00 | 10000.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | दो माह |
| 12 | मो0 सलारगंज में भजन लाल के मकान से अशोक के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 436560.00 | 8740.00 | 437.00 | 79.00 | 516.00 | दो माह |
| 13 | मो0 ब्राम्हणीपुरा में लवली सरदार के मकान से संदीप गाँधी के मकान तक नाली व सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 297873.00 | 5960.00 | 298.00 | 54.00 | 352.00 | एक माह |
| 14 | मो0 सरस्वती नगर में श्री सचिन श्रीवास्तव के मकान से आनन्द पाण्डेय के मकान तक इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य। | 362856.00 | 7260.00 | 363.00 | 65.00 | 428.00 | डेढ़ माह |
| 15 | मो0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में श्री अनिल तिवारी के मकान से मिथिलेश के मकान के पास तक इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य। | 490001.00 | 9800.00 | 490.00 | 88.00 | 578.00 | दो माह |
| 16 | मो0 गुलामअलीपुरा में डॉ0 श्याम गंभीर के अस्पताल से रिंकू सरदार के मकान तक गहरी नाली निर्माण कार्य। | 355973.00 | 7120.00 | 356.00 | 64.00 | 420.00 | डेढ़ माह |
| 17 | मो0 नौरैया में मेन रोड पर शमशुल के मकान से डालमिया मिल तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 361631.00 | 7240.00 | 362.00 | 65.00 | 427.00 | डेढ़ माह |
| 18 | मो0 सरस्वतीनगर मे श्री वीरभान सिंह के मकान से जितेन्द्र सिंह के मकान तक सी०सी० और नाली निर्माण कार्य। | 456855.00 | 9140.00 | 457.00 | 82.00 | 539.00 | दो माह |
| 19 | मो0 सरस्वती नगर श्री मनोज सिंह के मकान से रफीक के मकान तक सी०सी० और नाली निर्माण कार्य। | 481311.00 | 9630.00 | 481.00 | 87.00 | 568.00 | दो माह |
| | **02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क** | | | | | | |
| 20 | उद्योग उपायुक्त कार्यालय के सामने यात्री विश्राम स्थल का निर्माण कार्य। | 443815.00 | 8880.00 | 444.00 | 80.00 | 524.00 | दो माह |

**नियम एवं शर्तें**

1. निविदा के सीलबन्द लिफाफे पर निविदा कार्य संख्या एवं कार्य का नाम अंकित करना होगा।
2. सीलबन्द निविदायें नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में रखे निविदा बाक्स में दिनांकः 21 अगस्त, 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक ही डाली जायेंगी, जो उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।
3. निविदा के साथ प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक 02 प्रतिशत धरोहर/जमानत धनराशि की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा की स्वीकृति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्रपत्रों की बिक्री एवं प्राप्त होने तथा निविदा खालने की तिथि पर किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्रपत्रों की बिक्री एवं प्राप्त होने तथा निविदा खालने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेगी, स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी।
5. निविदा स्वीकृति सूचना/कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात् ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य स्थल पर लगाये जाने वाले श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में एक सप्ताह के भीतर कराकर पंजीयन प्रमाण–पत्र कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
6. कार्य स्थल पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य के दौरान व कार्य पूर्ण होने पर अलग–अलग त्रिस्तरीय फोटोग्राफ देना होगा एवं कार्य प्रारम्भ करने से पहले स्थल पर साइन बोर्ड ठेकेदार को शासन के दिशा–निर्देशानुसार लगाना होगा।

7. निविदा स्वीकृति उपरान्त कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ होने की सूचना अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता को देना होगा तथा स्थल पर कार्य अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कराया जायेगा।

8. कार्य स्थल पर सत्यापन के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी पायी जाती है, तो ठेकेदार को तत्काल अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य को मानक के अनुरूप कराना होगा, अन्यथा कराये गये अधोमानक कार्य का भुगतान नहीं किया जायेगा।

9. नगर पालिका परिषद, बहराइच में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों के अतिरिक्त अन्य विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों को टेण्डर प्रपत्र क्रय करने के समय विभाग का पंजीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति साथ में संलग्न करनी होगी।

10. प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त न्यूनतम निविदादाता (नगर पालिका परिषद, बहराइच के पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को छोड़कर) को अनुबन्ध से पूर्व नगर पालिका परिषद, बहराइच में नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा। तदोपरान्त नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

11. उक्त कार्यों हेतु न्यूनतम तीन–तीन निविदायें प्राप्त होने पर ही निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।

12. प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। इस सम्बन्ध में किसी का कोई भी दावा स्वीकार नहीं होगा।

13. निविदादाता के हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र की समयावधि निर्धारित समय के अन्दर ही होनी चाहिये। चरित्र/हैसियत प्रमाण–पत्र की अवधि समाप्त हो जाने वाले ठेकेदारों/फर्मों की निविदायें स्वीकार नहीं होगी।

14. कार्य हेतु अवशेष 08 प्रतिशत जमानत धनराशि न्यूनतम निविदादाता को अनुबन्ध के समय टी0डी0आर/एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जमा करना होगा अन्यथा की स्थिति में 08 प्रतिशत जमानत धनराशि की कटौती भुगतान बिल से कर ली जायेगी।

15. उपरोक्त समस्त शर्तों का पालन ठेकेदार/फर्मों को करना होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जायेगा।

16. उक्त निविदा सूचना में अंकित निविदा की धनराशि में 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मलित नहीं है, जिसका भुगतान नियमानुसार बिल की धनराशि में सम्मिलित करते हुए किया जायेगा।

Sudha devi

**(प्रमिता सिंह)**
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

**(सुधा देवी)**
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

**पृ0सं0 एवं दिनाँक–उपरोक्त**
**प्रतिलिपि–**

1– जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– प्रभारी अधिकारी महोदय स्थानीय निकाय बहराइच को सूचनार्थ प्रेषित।
3– नगर पालिका परिषद बहराइच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

7/8/25

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
बहराइच।